/


# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412–270555 फैक्स नं. 07412–270556
Email- commratlam@mpurban.gov.in Website- www.rmcratlam.in


क्रमांक / 391 / स्वा0प्र0 / 2022 दिनांक 11–3–2022

## // बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 11–3–2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :–

1– श्री विकास सोलंकी, उपायुक्त
2– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री,
3– श्री मो0 हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री
4– श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी
5– श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
6– श्री अनवर कुरेशी,प्र0सहायक यंत्री
7– श्री एस0पी0 आचार्य, सहायक यंत्री
8– श्री राजेन्द्र मिश्रा, उपयंत्री
9– श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
10– श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री
11– श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
12– श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
13– श्री भैयालाल चौधरी, उपयंत्री
14– सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
15– श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी–3,
16– श्री धर्मेन्द्र दोगाया, उद्यान पर्यवेक्षक जोन प्र0 –2
17– श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी जोन प्रभारी –1
18– श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी, जोन प्रभारी –4
19– श्री पर्वत हाड़े
20– श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग–2
21– श्री अनिल पारा, उद्यान पर्यवेक्षक
22– श्री कोमलसिंह चौहान स0रा0नि0
23– श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग–3
24– श्री विजय कपूर, स0रा0नि0
25– श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
26– श्री इलियास मन्सूरी, स0रा0नि0
27– श्री महेश व्यास, स0रा0नि
28– श्री विष्णु कुमावत स0रा0नि
29– श्री दिनेश राठौर, सहा0वर्ग–3
30– श्री हरेश जोशी, सहा0वर्ग–3
31– श्री जितेन्द्र सिसोदिया,
32– श्री वासुदेव बैरागी
33– श्री सोरभ काला,
34– श्री राकेश पाण्डे,
35– श्री कुलदीप भट्ट
36– श्री राजेन्द्रसिंह राठौड़
37– श्री मनोज टांक
38– श्री राकेश शर्मा
39– श्री मोईनुद्दीन
40– श्री संजय डिंडोरे, दलेल प्रभारी
41– श्री चन्दरसिंह,
42– श्री शैलेन्द्र गोठवाल,
43– श्री सुनिल कपूर,
44– श्री मोहित, एच0एम0एस0 सदस्य
45– श्री राहूल नागर, एच0एम0एस0–सदस्य

बैठक में उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

Scanned with CamScanner

1— सिटीजन फिडबेक हेतु सफाई मित्रों एवं नगर निगम अधिकारियों/कर्मचारियो के मोबाईल नं0 पोर्टल पर दर्ज हैं, सर्वेक्षण टीम द्वारा फोन से 5 प्रश्न पूछे जावेंगे, उनके उत्तर साकारात्मक दिये जाना है, इसलिये स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी एवं वार्ड दारोगा अपने अधीनस्थ सफाई मित्रों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करे, इस बाबत ट्रेण्ड करें, उन्हे प्रश्न के उत्तर कैसे दिये जाना है बाबत समझावे, इसी प्रकार नगर निगम के समस्त शाखा प्रमुख अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी तदनुसार ट्रेण्ड करें एवं साकारात्मक उत्तर देने हेतु सूचित करें ।

(कार्यवाही – समस्त शाखा प्रमुख, श्री जी0के0 जायसवाल,प्र0स्वा0अधि0,चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

2— डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण वाहन अधिक–से–अधिक ट्रीप लगावे, एवं कचरा कलेक्शन करे, कुछ स्थानों पर वाहन नहीं जाने की शिकायते प्राप्त हो रही है, प्रत्येक घर से कचरा संग्रहित करें, एक भी घर नहीं छूटे, समस्त घरों से कचरा संग्रहित कर लिया जावेगा तो कचरा भी डबल मात्रा में प्राप्त होगा । इस बाबत वाहन के चालक, हेल्पर को अंतिम रूप से सूचित करें, किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर उन्हे तत्काल कार्य से पृथक किया जावेगा, साथ ही संबंधित जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी का 7–7 दिन का वेतन काटा जावेगा ।

(कार्यवाही–श्री मो0हनीफ शेख, प्र0कर्मशाला श्री जी0के0 जायसवाल,प्र0स्वा0अधि0,चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

3— शहर की मुख्य सड़कों तथा कालोनियों के टर्निंग पाईन्ट दुरूस्ती कार्य निरन्तर चलता रहे भ्रमण के दौरान जहां आवश्यक लगे उन स्थानो पर भी दुरूस्ती कार्य करावें ।

(कार्यवाही– श्री सुरेशचन्द्र व्यास कार्यपालन यंत्री एवं संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री)

4— कई स्थानों पर ड्रायवेस्ट पड़ा है, उसे उठाया नहीं जा रहा है, नाले/नालियां सूख जाने के पश्चात भी वैसी ही पड़ी है, उनमे से ड्राय वेस्ट निकाला जावे, ड्राय वेस्ट टीम हर स्थान से ड्राय वेस्ट उठावे । डिवाईडर, फूटपाथ के किनारे उगी घांस, झाड़ियों सफाई मित्र सफाई के दौरान निकालवाए ।

(कार्यवाही–ड्रायवेस्ट टीम, चारो जोन प्रभारी)

5— सिटी ब्यूटिफिकेशन कार्य उपयंत्री अपने–अपने क्षेत्र में कार्य निरन्तर जारी रखें, कार्य के फोटो ग्रुप में डाले।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, कार्यपालन यंत्री एवं समस्त उपयंत्री)

6— कबाड़ा सामान की निलामी की नस्ती प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही–कार्यवाही श्री मो0हनीफ शेख,का0पा0यंत्री एवं संबंधित शाखा प्रमुख)

7— स्वच्छ सर्वेक्षण अन्तर्गत डाक्यूमेन्टेशन कार्य को नियत सीमा में पूर्ण करें, डाक्यूमेन्ट अपलोड करने के पूर्व श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मो0 हनीफ शेख, श्री जी0के0 जायसवाल, चेक करे तत्पश्चात आयुक्त से अनुमोदन करावे, इसके पश्चात ही डाक्यूमेन्ड अपलोड करें ।

(कार्यवाही– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, नोडल अधि0, श्री मो0 हनीफ शेख, श्री जी0के0 जायसवाल, श्री अनवर कुरैशी एवं एच0एम0एस0 टीम)

8— समीक्षा में उल्लेखित महापुरूषों की प्रतिमाओ, एवं अन्य स्थानो हेतु तथा गांधी उद्यान की गुमटिया, पं0जवाहरलाल नेहरूजी की प्रतिमा पर किये गये कार्य, महाराजा श्री सज्जनसिंहजी की प्रतिमा एवं श्री रविन्द्रनाथ टैगोरजी की प्रतियां के संबंध में समीक्षा में दिये निर्देशानुसार कार्यवाही करें ।

(कार्यवाही–श्री सुरेशचन्द्र व्यास,का0यंत्री,श्री राजेन्द मिश्रा, श्री बृजेश कुशवाह उपयंत्री,श्री सुनिल कपूर, राजस्व विभाग)

Scanned with CamScanner

9– शहर में लगे अवैध पोस्टर बेनर के विरूद्ध संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत निरन्तर वैधानिक कार्यवाही करें, एवं संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार एफ0आई0आर0 दर्ज करावें, तत्संबंधी की गई कार्यवाही सहित दिनांक 12–3–22 की बैठक में श्री सुनिल कपूर उपस्थित होगें । निर्माणाधिन भवनो के सड़क पर पड़े मलबे आदि को हटवाये, नोटिस जारी करे, ग्रीन नेट से ढकवाया जावे ।

(कार्यवाही– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री, श्री राजेन्द्र मिश्रा, उपयंत्री एवं समस्त उपयंत्री लोक निर्माण विभाग, श्री सुनिल कपूर, राजस्व विभाग)

10– स्वच्छता एप में प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे की समयावधि में निराकरण दर्ज करें ।

(कार्यवाही – स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, एवं संबंधित क्षेत्र के उपयंत्री)

11– खुले में शौच/पेशाब करने वाले के विरूद्ध स्पाट फाईन एवं वैधानिक कार्यवाही निरन्तर करे, प्रेस नोट जारी करें, नोडल अधिकारी, जोन प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी ऐसे व्यक्तियों पर निगरानी रखें, खुले में शौच/पेशाब करते पाया जाने पर वार्ड दारोगा तथा वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षणकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी तथा 7–7– दिन का वेतन काटा जावेगा ।

(कार्यवाही – चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

12– अमानक प्लास्टिक पर प्रतिबंध हेतु स्पाट फाईन निरन्तर किया जावे, समस्त नोडल अधिकारी, जोन प्रभारी, वार्ड दारोगा उनके कार्य क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग पाये जाने, विक्रय पाये जाने पर स्पाट फाईन करावे एवं नियमानुसार दुकाने सील करने की कार्यवाही करें ।

(कार्यवाही, प्र0स्वास्थ्य अधि0, नोडल अधिकारी,चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं स्पाट फाईन टीम)

13– ट्रिटेट पानी के उपयोग बाबत प्रत्येक उपयंत्री उनके क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो में ठेकेदार द्वारा उपयोग किये गये पानी की मात्रा की जानकारी प्राप्त करे, उनके फोटो तथा रसीद ग्रुप में डाले, प्रेस नोट हेतु जानकारी देवें । फोरलेन, फूटपाथ, रोड़ डिवाईडर, आदि की ट्रिटेड पानी से फायटर द्वारा सफाई करवाई जाना आज से प्रारंभ करें ।

(कार्यवाही– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मो0हनीफ शेख, प्र0कार्यपालन यंत्री,श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, श्री सुहास पण्डित, श्री भैयालाल चौधरी एवं समस्त उपयंत्री लोक निर्माण विभाग )

14– समस्त जी0वी0पी0 समाप्त करें, कचरा कहीं भी नहीं दिखे, नाले, नालियां, प्रमुख सड़के, फोरलेन, फूटपाथ, रोड़ डिवाईडर, हाईवे आदि पर पूरी ताकत एवं क्षमता से सफाई कार्य करवाया जावे, कचरा पाया जाने पर वार्ड दारोगा, जोन प्रभारी, एवं नोडल अधिकारी के विरूद्ध सख्त अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही – प्र0कार्यपालन यंत्री, कर्मशाला, स्वास्थ्य अधिकारी,चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

15– सीटी/पीटी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के मापदण्ड अनुसार व्यवस्था देखे आवश्यकतानुसार व्यवस्था पूर्ण की जाना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही – स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त उपयंत्री, चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

16– जिन बल्क वेस्ट जनरेटरों द्वारा अपने संस्थान में कम्पोस्ट पीट बनाई है, वहां पैंटर से लिखवाए तथा जहां नहीं बनाई गई है, वहां बनवाई जावे तथा पीट की फोटो सहित बैठक में उपस्थित हो ।

(कार्यवाही – स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त उपयंत्री, चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

Scanned with CamScanner

17– शहर की प्रमुख सड़के जहां गड्डे हो गये हो, खराब हो रही हो, धूल–मिट्टी उड़ती हो वहां दुरूस्ती कराई जावे, कार्य 3 दिनो में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जावे ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, कार्यपालन यंत्री, संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री)

18– स्वच्छता गीत प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में समीक्षा में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करें ।

(कार्यवाही – श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री)

समस्त अधिकारी कर्मचारी जिन्हे दायित्व सौपा गया है, वह कार्य नियत समयावधि में पूर्ण करें । समीक्षा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों को ध्यान से सुने, नोट कर अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम
दिनांक 11–3–2022

पृ0क्र0/ 391 /सा0प्र0/2022
प्रतिलिपि :–

1– कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सुचनार्थ ।
2– सर्व संबंधित श्री ———————— नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

11/3/22
आयुक्त,
नगरपालिक निगम, रतलाम

Scanned with CamScanner